# अवैध मजारों को तोड़ने में सीएम धामी का बुलडोजर व्यस्त, कुछ क्षेत्रों में विरोध हुआ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य में लैंड जिहाद के खिलाफ धामी सरकार का बुलडोजर सरकारी और वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई मजारों को ध्वस्त करने में लगा हुआ है। सोमवार को कुछ स्थानों पर एक समुदाय विशेष के लोगों ने सरकार के इस काम का विरोध करते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी की गई लेकिन पुलिस फोर्स की मौजूदगी के कारण विरोध करने वाले लोग मजारों को टूटने से नहीं बचा सके। अधिकारियों का कहना है कि वन विभाग की जमीन पर अवैध अतिक्रमण को कतई भी



बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। राज्य में धार्मिक संरचनाओं की आड़ में किए गए अतिक्रमण को हटाने का काम लगातार जारी है। बीते दिन जहां 20 मजारों पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई थी वहीं सोमवार को भी नेशनल कार्बेट टाइगर रिजर्व पार्क में बनी शेर अली बाबा की दरगाह सहित आसपास के क्षेत्र में 10 मजारों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया गया।

शेर अली बाबा की मजार को आज तोड़ा गया है, वहां 24 मई से उर्स मेले का आयोजन किया जाना था। इसके लिए चंदा जमा किया जा रहा था। कार्बेट पार्क प्रशासन कई दिनों से कार्रवाई करने में हिचक रहा था, लेकिन इस मजार पर बुलडोजर चला ही दिया गया। बिजरानी रेंज में बनी थपली बाबा की मजार को भी तोड़ दिया गया।

एक समुदाय विशेष के लोग यह कहकर मजार को तोड़ने का विरोध कर रहे थे कि यह मजार 140 साल पुरानी बाजार थी। लोगों का कहना है कि यहां हर साल हजारों लोग जियारत के लिए आते थे। लोगों के विरोध के मद्देनजर पुलिस ने मजार जाने वाले रास्तों पर आवाजाही रोक दी थी। कुछ लोगों की इसे लेकर पुलिस के साथ नोकझोंक भी हुई लेकिन प्रशासन और पुलिस ने इस मजार को तोड़ दिया।

उधर टिहरी के पौड़ी खाल में बनी एक 20-25 साल पुरानी मजार को ध्वस्त कर दिया गया।

# आंचल बिष्ट व प्रणय पांथरी ने गाड़े झंड

**8 प्रणय पांथरी ने अपना जलवा दिखाते हुए बेस्ट बेंच प्रेस का गोल्ड मेडल और फुल पावरलिफ्टिंग गोल्ड अपने नाम किया**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
तमिलनाडु के त्रिची में 12 से 14 मई के बीच हुई राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में ऋषिकेश की आंचल बिष्ट और प्रणय पांथरी ने प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक अर्जित कर प्रदेश ऋषिकेश का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में बीस से अधिक राज्यों के एक हजार से अधिक प्रतिभागियों के बीच महिला वर्ग में 250 से अधिक प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए देवभूमि की खिलाड़ी आंचल बिष्ट ने स्ट्रांग वूमेन और वूमंस बेस्ट लीटर की ट्रॉफी और मेडल अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में देवभूमि के प्रणय पांथरी ने



अपनी ताकत का जलवा दिखाते हुए बेस्ट बेंच प्रेस का गोल्ड मेडल और फुल पावरलिफ्टिंग गोल्ड अपने नाम किया। देवभूमि के ढालवाला निवासी आचंल बिष्ट और प्रणय को जीत की शुभकामनाएं देते हुए अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के अध्यक्ष ड़ॉ राजे नेगी ने बताया कि अब पावरलिफ्टिंग के क्षेत्र में भी देवभूमि को नई पहचान दिलाने के साथ ही प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले दोनों प्रतिभावान खिलाड़ियों का वापस तीर्थनगरी पहुंचने पर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हरिद्वार के आकाश बायजूस के छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल किए

**हरिद्वार।** आकाश बायजूस भारत का अग्रणी परीक्षा तैयारी संस्थान, हरिद्वार के 10वीं कक्षा के 13 छात्रों की असाधारण शैक्षणिक उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है, जिन्होंने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2023 की दसवीं कक्षा में समग्र रूप से 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में अनन्या सिंह हैं जिन्होंने 97.4, अंशिका ने 97.4 और भार्गवी चौधरी ने 97.2 अंक हासिल किए हैं। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों की समृद्ध सलाह और मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कोचिंग प्रदान करने के लिए संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया, जिससे उन्हें कम समय में कठिन अवधारणाओं को समझने में मदद मिली।

परिणामों पर टिप्पणी करते हुए आकाश बायजूस के क्षेत्रीय निदेशक डॉ एचआर राव ने छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी और कहा हमें अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है। उनकी सफलता संस्थान की कड़ी मेहनत, प्रभावी पाठ्यक्रम और हमारे छात्रों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आकाश बायजू के स्कूल-एकीकृत कार्यक्रम छात्रों को पाठ्यक्रम पर बने रहने और स्कूल और उसके बाद अकादमिक सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। संस्थान की केंद्रीकृत राष्ट्रीय शैक्षणिक टीम (एनएटी) कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम और सामग्री तैयार करती है, जो छात्रों को स्पष्टता प्रदान करती है। नेट भी संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित करता है और निगरानी करता है कि वे प्रशिक्षण कैसे देते हैं। वर्षों से, आकाश बायजू के छात्रों ने विभिन्न मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के साथ-साथ एनटीएसई, केवीपीवाई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का रिकॉर्ड बनाए रखा है।

### नुरे भारत नेटवर्क लॉन्च करेगा सुपरऐप पीपोनेट

देहरादून। एक अग्रणी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और टेक्नॉलॉजी सॉल्यूशंस प्रदाता 3आई इन्फोटेक लिमिटेड एफआईएसएसटी और यलो इंक के बीच एक संयुक्त उपक्रम, नुरे भारत नेटवर्क ने आज मोबाईल ऐप पीपोनेट के लॉन्च की घोषणा की रेलवे मंत्रालय के अंतर्गत एक मिनी रत्न पीएसयू, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने कंसोर्टियम के साथ साझेदारी की है जिसका नेतृत्व 3आई इन्फोटेक द्वारा किया जा रहा है ताकि भारतीय रेलवे के नेटवर्क में इसके सार्वजनिक वाईफाई से कमाई सुनिश्चित हो सके भारतीय रेल एशिया में सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है जिससे प्रतिदिन 2.3 करोड़ यात्री सफर करते हैं और 15 लाख से ज्यादा यात्री प्रतिदिन 6109 स्टेशनों पर रेलटेल द्वारा प्रदान किए जा रहे वाईफाई नेटवर्क पर लॉग इन करते हैं पीपोनेट ऐप यूजर्स को इंटीग्रेटेड सेवाएं जैसे ई टिकट यात्रा और ठहरने के लिए आरक्षण पोर्टर की बुकिंग, गाना, इन्फोटेनमेंट, एडुटेनमेंट, ओटीटी चैनल और विभिन्न हैल्पलाईन सेवाएं प्रदान करेगा। इस लॉन्च के बारे में श्री सैक्स कृष्णा चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर नुरे भारत नेटवर्क ने कहा नुरे भारत नेटवर्क के लॉन्च के साथ हम देश की भलाई का बड़ा लक्ष्य पूरा करना चाहते हैं वाईफाई की पहुँच सुरक्षित रहेगीय इसलिए हम भारतीय आबादी को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा एवं अन्य सेवाएं भी प्रदान कर सकेंगे हम खासकर टियर 3 और 4 शहरों में जनसमूह तक इंटरनेट पहुँचाकर लोगों को सशक्त बनाना और उनके लिए बड़ी संभावनाओं के द्वार खोलना चाहते हैं इंटरनेट के साथ सैकड़ों संभावनाएं आती हैं, और हमारा उद्देश्य उन सभी को सुरक्षित और सोची-समझी विधि का उदाहरण प्रस्तुत करना है, जो वर्तमान में गतिशील रहने के दौरान तेज गति का इंटरनेट प्राप्त नहीं कर पाते हैं। संजय कुमार चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर रेलटेल ने कहा हमें पीपोनेट का लॉन्च करने की बहुत खुशी है और हम पूरे भारत को इस अपार क्षमता के मंच पर लाने के लिए उत्साहित हैं शहरी और ग्रामीण भारत के बीच डिजिटल अंतर को दूर करना हमारे प्रमुख उद्देश्यों में से एक है हमारा स्टेशन वाई-फाई नेटवर्क देश के कोने-कोने में है और यह सहयोग इसकी पूरी क्षमता को सामने लेकर आएगा। हम इस सामाजिक आर्थिक अन्वेषण की ओर तत्परता से प्रयास करने के लिए 3आई इन्फोटेक और कंसोर्टियम के अन्य सदस्यों को बधाई देते हैं। पीपोनेट भारत के कारीगरों को भारत और विश्व में अपने उत्पाद बेचने के लिए एक ई कॉमर्स मंच भी प्रदान करेगा। नुरे भारत नेटवर्क के डिजिटल मार्केटिंग के प्रयासों द्वारा आज होने वाले लॉगइन्स की संख्या 15 लाख से बढ़कर 1.1 करोड़ हो जाएगी, इसलिए भारत के विक्रेताओं के लिए व्यापारिक अवसरों में भारी वृद्धि होगी और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

### 'मोटो-वॉल्ट में विश्वस्तरीय ब्राण्ड्स के साथ मोटो मोरिनी व क्यूजे मोटर पेश किए जाएंगे'

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
महावीर ग्रुप की अदीश्वर ऑटो राइड इंडिया प्रा. लिमिटेड ने अपने नए वेंचर -मोटो वॉल्ट का लॉन्च किया है, जो देहरादून में मल्टी-ब्राण्ड सुपरबाइक फ्रेंचाइज है। हर उपभोक्ता को सुपरबाइक का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए देश भर में कई टच-पॉइन्ट्स खोलने की प्रतिबद्धता के तहत कंपनी ने यह घोषणा की है।
यह शोरूम हरिद्वार रोड, देहरादून पर स्थित है। शोरूम में मोटो मोरिनी, जोन्टेस और हाल ही में लॉन्च किए गए इंटरनेशनल ब्राण्ड क्यूजे मोटर सहित सुपरबाइकों की ग्लोबल रेंज को डिस्प्ले किया जाएगा।

# चारधाम यात्रा के दौरान अब तक केदारनाथ पहुंचे 2.89 लाख से अधिक श्रद्धालु

**8 श्रद्धालुओं की संख्या का यह आंकड़ा पर्यटन विभाग ने जारी किया है। यह 22 अप्रैल से 14 मई रात आठ बजे तक का आंकड़ा है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 8.31 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इनमें अकेले दो लाख 89 हजार 149 श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन करने पहुंचे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना पर्यटन उद्योग के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है। श्रद्धालुओं की संख्या का यह आंकड़ा पर्यटन विभाग ने जारी किया है। यह 22 अप्रैल से 14 मई रात आठ बजे तक का



आंकड़ा है।
पर्यटन विभाग के मुताबिक केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में अब तक कुल आठ लाख 31 हजार 131 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं। केदारनाथ धाम में दो लाख 89 हजार 149, बदरीनाथ में दो लाख नौ हजार 45, गंगोत्री में एक लाख 73 हजार 586 और यमुनोत्री धाम में एक लाख 59 हजार 351 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।चारधाम यात्रा के लिए अब तक 29 लाख 33 हजार 770 लोगों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से मोबाइल ऐप से पांच लाख 14 हजार 219, वेब पोर्टल से 23 लाख 36 हजार 692 और व्हाट्स ऐप से एक लाख 82 हजार 869 लोगों ने पंजीकरण कराया है।
चारधाम यात्रा के लिए 14 मई से 19 मई के लिए कुल चार लाख 21 हजार 834 लोगों ने पंजीकरण कराया है।मौसम को देखते हुए 25 मई तक केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए पंजीकरण पर रोक है।

# नदी के बीच फंसे लोगों के लिए देवदूत बनी पुलिस

**8 विवेक कुटीर घाट ठोकर नंबर 15 के पास गंगा नदी के बीच कुछ लोगों के फंसे होने की पुलिस को सूचना मिली**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नगर कोतवाली क्षेत्र के विवेक कुटीर घाट ठोकर नंबर 15 के पास गंगा नदी के बीच कुछ लोगों के फंसे होने की पुलिस को सूचना मिली। इस पर कार्रवाई करते हुए चौकी सप्तऋषि और जल पुलिस ने गंगा नदी के बीच फंसे चार व्यक्तियों को वोट और अन्य संसाधनों के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।
सुरक्षित गंगा में फंसे लोगों के नाम 21 वर्षीय महावीर निवासी ग्राम



सोकन्दा थाना मागरोज जिला वारह राजस्थान, 22 वर्षीय प्रतीक निवासी इचलकरंजी थाना शिवाजी नगर जिला कोल्हापुर महाराष्ट्र, 25 वर्षीय योगानंदा निवासी आलूर थाना आलूर जिला कर्नूल आंध्र प्रदेश और 21 वर्षीय योगेंद्र निवासी लक्ष्मीपुरम कॉलोनी इज्जत नगर बरेली उत्तर प्रदेश बताए। सभी लोग गंगा के बीच दोआब क्षेत्र में चले गए थे। वहां पर वे लोग फंस गए थे, जिन्हें पुलिस ने सकुशल बाहर निकाला। सभी ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## स्कूल बस का टायर फटा, अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसी स्कूल बस

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी के चोरगलिया से सोमवार सुबह एक स्कूल बस हादसे का शिकार हो गई है। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। स्कूल बस का टायर फट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर एक दुकान में जा घुसी। हादसे में बच्चे और कर्मचारी मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। चोरगलिया पब्लिक स्कूल की बस 20 बच्चों को लेकर जा रही थी, तभी हादसे का शिकार हो गई। हादसे की वजह बस का अगला टायर फटना बताया गया है। सभी बच्चे सुरक्षित हैं, हालांकि बच्चों को चोटें आई हैं। एक सफाई कर्मचारी भी चोटिल है।

# भागवत कथा जहां होती है, वहां सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है: प्रेमचंद



**मंत्री डॉ. प्रेमचंद ने भागवत कथा का श्रवण किया**

**ऋषिकेश /टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने चन्द्रेश्वर मन्दिर के प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिन प्रतिभाग कर भागवत कथा का श्रवण किया। इस दौरान मंत्री ने कथा व्यास आचार्य अनुज पोखरियाल महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।
सोमवार को इस मौके पर श्रीकृष्ण जन्म लीला का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य अनुज पोखरियाल महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।
उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया।
इस मौके पर डॉ अग्रवाल ने कहा कि भागवत कथा जहां होती है, वहां सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य का मार्ग प्रशस्त होता है। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष शंभु पासवान, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष किशन मण्डल, राजपाल ठाकुर, कुसुम राठी आदि उपस्थित रहे।

# देवभूमि में बढ़ते लव जिहाद और लैंड जिहाद को लेकर जताई चिंता

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
देवभूमि उत्तराखंड में बढ़ते लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसे मामलों को लेकर संतों ने चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र सरकार से इस प्रकार की गतिविधियों पर शक्ति के साथ रोक लगाए जाने की मांग की है।
सोमवार को ब्रह्मपुरी स्थित श्रीराम तपस्थली वैष्णव कुलभूषण संत शिरोमणि महामंडलेश्वर दयाराम दास की अध्यक्षता में बैठक के दौरान महंत स्वामी अरुण दास महाराज जगन्नाथ आश्रम हरिद्वार प्रदेश महामंत्री महंत स्वामी अरुण दास महाराज ने सभी संतों के साथ बैठकर उत्तराखंड प्रदेश में बढ़ते लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसे कई विषयों पर भी



चर्चा हुई।
प्रदेश महामंत्री ने कहा की सनातन धर्म ढोंग नहीं जीवन शैली को ढंग से जीने की राह दिखाता है, लेकिन उत्तराखंड में मदिरा और मांस का जो बाजार हमारी देवभूमि पर चल रहा है, यह पूरी तरह गलत है।जो की चिंता का विषय बन गया है। संतों ने उत्तराखंड में वन भूमि पर अवैध तरीके से बनाई गईं मजारों को हटाए जाने के लिए सरकार के अभियान का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है।
बैठक में कहा गया कि उत्तराखंड से आए दिन महिलाओं को बड़ी संख्या में बहला-फुसलाकर अन्य प्रदेशों में ले जाया जा रहा है, वही अन्य प्रदेशों से उत्तराखंड में घुसपैठ कर सीधे-साधे लोगों को गुमराह कर जमीनों पर भी डाका डाला जाता है। इसके कारण हमें अपनी जमीनें बचाना भी दूभर हो गया। हमारे खेत खलिहान की भूमि पर बड़ी बड़ी अट्टालिकाएं खड़ा करने से पहाड़ों का स्वरूप बदलता जा रहा है।
संतों ने कहा गया कि यदि इस पर भी प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो हमारी भौगोलिक परिस्थितियां भी बदल जाएंगी और देव भूमि की जगह यह भी पर्यटन स्थलों में बदल जाएगा, जिस पर प्रतिबंध लगाए जाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर जल्द ही इस पर विचार किया जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

# आईआईटी रुड़की ने मनाया युवा संगम- युवा करेंगे तेलंगाना का भ्रमण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) युवा संगम-2 के मौके पर उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से युवा संगम-2 कार्यक्रम के तहत तेलंगाना आने वाले युवाओं के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है।
यह तेलंगाना को उत्तराखंड की ग्रामीण जनता के साथ बातचीत करने और उनकी सांस्कृतिक प्रथाओं, भोजन, जीवन जीने के तरीके और रीति-रिवाजों के बारे में जानने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। युवा संगम एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भारत सरकार की एक पहल है जो मुख्य रूप से उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) में पढ़ने वाले छात्रों



और कुछ ऑफ-कैंपस युवाओं को एक राज्य से दूसरे राज्य में युवाओं के एक्सपोजर टूर आयोजित करने पर केंद्रित है। उत्तराखंड के छात्र तेलंगाना में विभिन्न स्थानों का दौरा करेंगे और राज्य की संस्कृति, पर्यटन और विकास के विभिन्न पहलुओं से परिचित होंगे। अपनी यात्राओं के दौरान, युवाओं को पांच व्यापक क्षेत्रों - पर्यटन, परम्परा, प्रगति और परस्पर संपर्क, प्रौद्योगिकी के तहत बहुआयामी अनुभव होगा। उत्तराखंड की टीम में विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले 23 लड़के और 22 लड़कियां शामिल हैं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईआईटी रुड़की में आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रोफेसर के के पंत, निदेशक, प्रोफेसर एम के बरुआ, छात्र कल्याण के डीन, प्रोफेसर एम वी सुनील कृष्णा, एसोसिएट डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर, और अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया।
इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया और राज्य की सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कई सांस्कृतिक प्रदर्शन किए गए।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने युवा संगम-द्वितीय कार्यक्रम की परिकल्पना की थी। उन्होंने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की कल्पना की थी।
इसे साकार करने के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पहले चरण की अपार सफलता के बाद दूसरे चरण की शुरूआत हुई।

# गंगा में गाड़ी उतार कर हुड़दंग करना पड़ा भारी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आपरेशन मयार्दा के तहत नीलधारा नदी में कार धोने और चलाने पर तीर्थ की मयार्दा भंग करने वाले 10 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार को भी सीज कर दिया है।चण्डी चौक के पास नील धारा नदी में बाहर से आए हुड़दंगियों का अपनी थार कार को नदी में बीचोबीच उतारकर सेल्फी लेकर शोर-शराबा कर मां गंगा की मयार्दा को भंग किया जा रहा था। इस पर पुलिस टीम ने आपरेशन मयार्दा के तहत तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी 10 लोगों का चालान करते हुए थार गाड़ी को चौकी लाकर सीज कर दिया। सभी लोगों को आपरेशन मयार्दा



का पालन करते हुए चेतावनी दी गयी दी गयी कि देवभूमि में आना है तो मयार्दाओं का पालन करना होगा।

